Annual Research Seminar

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

क्रमांक:आदेब/2022/ दिनांक 07.04.2022

प्रेस समाचार
महाविद्यालय में वार्षिक शोध संगोष्ठी का आयोजन

आज दिनांक 07.04.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वार्षिक शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह संगोष्ठी शोधार्थियों के लिये बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें सभी विषय के शोधार्थी अपने-अपने कार्य का प्रस्तुतीकरण कर सभी विषय की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही साहित्य चोरी के बारे मे सचेत किया और सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित की। उसके पश्चात, कार्यक्रम संयोजक डॉ. विजय देवडा वार्षिक शोध संगोष्ठी के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम तथा उद्देश्य को स्पष्ट किया।

प्रथम तकनीकी सत्र में, महाविद्यालय में विभिन्न विषयो में पंजीकृत 18 शोधार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों पर अपने शोध कार्य की जानकारी पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से साझा की। सभी शोधार्थियो ने अपने विषय, शोध कार्य का महत्व तथा कार्य की प्रगति के बारे में बताया, जिसका मूल्यांकन उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

द्वितीय तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. फातिमा सुल्तान ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव द्वारा शोधार्थियों को कार्य मे और दक्षता लाने पर जोर देने की बात कही तथा साथ ही सभी शोधार्थियों के प्रस्तुतीकरण को सराहा।

तृतीय सत्र में डॉ. शुचिता जैन ने संगोष्ठी के "निष्कर्ष नोट" में इस कार्यक्रम के महत्व को स्पष्ट किया। तत्पश्चात् प्रस्तुतीकरण करने वाले शोधार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय की स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. जागृति मीणा द्वारा किया गया।

अन्त में, संगोष्ठी संयोजक डॉ. विजय देवड़ा ने सभी सहभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस संगोष्ठी के माध्यम से सभी विषयों के शोधार्थी अन्तर विषय की जानकारी हांसिल करके अपनी प्रतिभा को और अधिक निखार सकते हैं।

अनिता 7.4.2022
प्राचार्य
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय
कोटा

दैनिक भास्कर कोटा 08-04-2022

जेडीबी कॉलेज में वार्षिक शोध संगोष्ठी का आयोजन

कोटा | जेडीबी कॉलेज में शोध प्रकोष्ठ के तत्वाधान में वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रिंसिपल डॉ. अनिता कोठारी ने कहा कि यह संगोष्ठी शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। जिसमें शोधार्थी अपने-अपने कार्य का प्रस्तुतीकरण कर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विजय देवड़ा ने वार्षिक संगोष्ठी के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम तथा उद्देश्य के बारे में बताया।